Abhishek Lohiya (I.T. Manager)

बिहार सरकार

निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (बैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in

पत्रांकः ईएलएस–17/2019– पटना, दिनांक जुलाई, 2019 ई0।

प्रेषक,

एच० आर० श्रीनिवास,
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार
–सह–सचिव।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी,
नवादा।

विषय :– नीलम कुमारी, पति स्व० मयूरध्वज प्रसाद सिंह, प्रधान शिक्षक के अनुग्रह अनुदान संबंधी आवेदन दिनांक 04.05.2019 को अस्वीकृत किये जाने के संबंध में।

प्रसंग :– जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, नवादा के पत्रांक–1589/निर्वा० दिनांक 05.07.2019.

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि श्रीमती नीलम कुमारी, पति स्व० मयूरध्वज प्रसाद सिंह, प्रधान शिक्षक, ग्राम+पोस्ट–खनवाँ, थाना–नरहट, जिला–नवादा द्वारा दिनांक 04.05.2019 को समर्पित आवेदन के क्रम में विभागीय पत्रांक–5282 दिनांक 28.05.2019 द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, नवादा से उक्त आवेदन की प्रति संलग्न करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी, नवादा के प्रासंगिक पत्र द्वारा श्री मयूरध्वज प्रसाद सिंह, प्रधान शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, नरौली (मुसहरी), पंचायत–बड़गांव, प्रखंड–सिरदला, जिला–नवादा की हत्या असामाजिक तत्वों द्वारा दिनांक 20.03.2019 को किये जाने का लोक सभा आम निर्वाचन, 2019 से कोई Causal Connection नहीं होने के कारण वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं०–2796 दिनांक 01.04.2009 की कंडिका–4 एवं भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–218/6/2009/EPS दिनांक 17.02.2009 के आलोक में उनकी आश्रिता को अनुग्रह अनुदान देय नहीं होने की स्पष्ट अनुशंसा की गयी है। उक्त अनुशंसा के आलोक में श्रीमती नीलम कुमारी, पति स्व० मयूरध्वज प्रसाद सिंह, प्रधान शिक्षक, ग्राम+पोस्ट–खनवाँ, थाना–नरहट, जिला–नवादा का अभ्यावेदन दिनांक 04.05.2019 को अस्वीकृत किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(एच० आर० श्रीनिवास)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार
–सह–सचिव।

Scanned by CamScanner

ज्ञापांक :–   पटना, दिनांक   जुलाई, 2019 ई0।

प्रतिलिपि ::– श्रीमती नीलम कुमारी, पति स्व० मयूरध्वज प्रसाद सिंह, प्रधान शिक्षक, ग्राम+पोस्ट–खनवाँ, थाना–नरहट, जिला–नवादा, पिन कोड–805122, मोबाईल सं०–7091079140 को स्पीड पोस्ट के माध्यम से सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(एच० आर० श्रीनिवास)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार
–सह–सचिव।

ज्ञापांक :– 6018   पटना, दिनांक 26 जुलाई, 2019 ई0।

प्रतिलिपि ::– श्री अभिषेक कुमार, आई०टी० मैनेजर (संविदा) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25/7
(एच० आर० श्रीनिवास)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार
–सह–सचिव।

Scanned by CamScanner